# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांकः परीक्षा/8106
दिनांकः 02.08.2023

## अधिसूचना

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों/संस्थान एवं विश्वविद्यालय परिसर में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता कि NEP-2020 के अन्तर्गत संस्थागत स्तर पर संचालित परम्परागत B.A./B.Sc./B.Com. पाठ्यक्रमों के द्वितीय सेमेस्टर के मुख्य/बैक पेपर परीक्षा फार्म तथा चतुर्थ सेमेस्टर के मुख्य परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** पर ऑनलाईन भरवाये जाने की अन्तिम तिथि दिनांक 23.07.2023 निर्धारित थी। विश्वविद्यालय द्वारा छात्रहित में परीक्षा फार्म भरने हेतु तिथियाँ कई बार विस्तारित की जा चुकी हैं।

**निर्देशानुसार उपरोक्त सन्दर्भित पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्म भरने से वंचित छात्र/छात्राओं को जिन्होंने अभी तक भी परीक्षा फार्म नहीं भरा है अथवा परीक्षा फार्म का सत्यापन नहीं कराया है, को पुनः अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए तिथियाँ दिनांक 03.08.2023 एवं 04.08.2023 (केवल दो दिन) हेतु पुनः विस्तारित की जाती है।**

छात्रों से अपेक्षा की जाती है कि वह इस अवधि में अपना परीक्षा फार्म भरना अथवा महाविद्यालय/संस्थान द्वारा सत्यापित करवाना सुनिश्चित करें। उक्त तिथियों के पश्चात परीक्षा फार्म भरे जाने अथवा सत्यापन किये जाने हेतु कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।

02.08.2023
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-**

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्व महाविद्यालय/संस्थान, चौधरी चरण सिंह वि0वि0, मेरठ तथा समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक, चौधरी चरण सिंह वि0वि0 परिसर, मेरठ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारण से पूर्व अर्हता की भली-भांति जांच कर ली जाये कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है। अन्यथा की स्थिति में परीक्षा फार्म निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र एवं महाविद्यालय/संस्थान/विभाग का होगा।
02. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।
03. वैयक्तिक सहायक--कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
04. वैयक्तिक सहायक-परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
05. वैयक्तिक सहायक--वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी के सूचनार्थ।
06. लेखाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।
07. सहा0 कुलसचिव/प्रभारी (परीक्षा/गोपनीय/लेखा/सामान्य/कमैटी सैल/अति गोपनीय विभाग)।
08. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र/सूचना पट।
09. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता/प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।
10. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत कम्प्यूटर एजेन्सियों को इस आशय के साथ कि उपरोक्त समस्त पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्मों को विश्वविद्यालय नियमानुसार सत्यापित कराये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

02.08.2023
परीक्षा नियंत्रक